**रूरल इलेक्टीफिकेशन कारपोरेशन लिमिटेड**

**(भारत सरकार का उद्यम)**

**पंजीकृत कार्यालय : कोर 4, स्कोप कॉम्पलेक्स, 7 लोधी रोड, नई दिल्ली-110 003**

**आरईसी वेबसाइट : www.recindia.com & www.recindia.nic.in**

**सीमित निविदा पूछताछ**

**सं.आरईसी/एफपीओ/प्रिंटर/2009/** **दिनांक : 06.11.2009**

**मैसर्स**

**1) मेहता प्रिंट आर्ट्स प्रा. लिमिटेड**
**15/1, माइलस्टोन, दिल्ली-गुडगांव रोड** **फैक्सः 0124-416977**
**गुड़गांव - 122015**

**2) ऑरिएंट प्रेस लिमिटेड**
**20, प्रगति इंडस्ट्रियल इस्टेट,** **फैक्सः 022-23090265**
**एन.एम. जोशी मार्ग,**
**लोअर पारेल,**
**मुंबई-400011**

**3) वेस्टर्न प्रेस प्रा. लिमिटेड**
**टीओडीआई एस्टेट, पहली मंजिल** **फैक्सः 022-24950542**
**सन मिल कंपाउंड,**
**लोअर पारेल (पश्चिम),**
**मुंबई-400013**

**4) प्रिंट्रेड इश्यूज (इंडिया) प्रा. लिमिटेड**
**17, प्रगति इंडस्ट्रियल इस्टेट,** **फैक्सः 022-23098844**
**316, एन.एम. जोशी मार्ग,**
**मुंबई-400011**

**5) के.एल. हाई-टेक सेक्यूर प्रिंट लिमिटेड**
**प्लाट सं.230,,** **फैक्सः 040-23546033**
**रोड सं.36,**
**जुबली हिल्स,,**

**हैदराबाद-500072**

**6) वाई.एस. हाईटेक सेक्यूर प्रिंट प्रा. लिमिटेड**
**प्लाट सं.7बी, एवं 8ए, टाइप III, फैक्सः 040-23074496**
**प्रशांति नगर इंडस्ट्रियल इस्टेट,**
**कुकटपल्ली, हैदराबाद-500072**

**7) श्लोक सेक्युरिटी प्रिंटर्स प्रा. लिमिटेड,**
**प्लाट सं.60-सी.डी. फैक्सः 022-28604545**
**गवर्नमेंट इंडस्ट्रियल इस्टेट,,**
**चरकोप,**
**कीदिवली (पश्चिम)**
**मुंबई-400067**

**8) क्रिस्टल फॉर्म्स लिमिटेड**
**मोतीवाला मैंसन, 'एठ विंग, भू तल, फैक्सः 022-23823153**
**40, फोर्जेट स्ट्रीट,**
**गोवालिया टैंक, नाना चौक के निकट,**
**मुंबई-400036**

**विषयः सीमित निविदा आधार पर बोलियों का आमंत्रण**
**(केवल उपर्युव्त कंपनियां ही उत्तर देने के लिए पात्र हैं।)**

**प्रिय महोदय,**

**1. पृष्ठभूमि**

**(क) रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कारपोरेशन लिमिटेड (आरईसी) एक सरकारी क्षेत्रक कंपनी है, जो विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण में है। कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 4क के अधीन इसे वर्ष 1992 में सरकारी वित्तीय संस्थान घोषित किया गया था। आरईसी भारतीय विद्युत क्षेत्र को ऋण के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान करती है। यह कारपोरेशन लगातार लाभ कमा और लाभांश अदा कर रहा है। आरईसी के बारे में अधिक विवरण हमारी वेबसाइट www.recindia.com से लिया जा सकता है।**

**(ख) आरईसी के अनुवर्ती निर्गम (एफपीओ) को, जिसमें 12,87,99,000 इक्विटी शेयर (विद्यमान प्रदत्त पूंजी का 15 प्रतिशत) और 4,29,33,000 इक्विटी शेयर (प्रदत्त पूंजी**

**के 5प्रतिशत) विक्रेता हितधारक यानी भारत के राष्ट्रपति के हैं, के विनिवेश को आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने अनुमोदन प्रदान कर दिया है।**

**2. कार्य का क्षेत्र**

**हम प्रस्तावित इक्विटी एफपीओ के लिए मुद्रकों की छंटाई कर रहे हैं। एफपीओ के लिए मुद्रकों का प्रस्तावित कार्यक्षेत्र इस प्रकार है**

**(क) निम्नलिखित की रूपरेखा और डिजाइन तैयार करना और मुद्रण/ पुनः मुद्रण करना**

**(क) सेबी के पास दायर करने के लिए रेड हरिंग प्रास्पेक्टस का मसौदा।**

**(ख) कंपनी र**जिस्ट्रार को दाखिल करने तथा जिल्दबंद हेतु रेड हरिंग प्रास्पेक्टस विवरणी।

(ग) प्रेस और दलालों के सम्मेलनों में परिचालन के लिए रेड हरिंग प्रास्पेक्टस (कंपनी रजिस्ट्रार को दाखिल करने के बाद) की विशेष प्रतियां ।

(घ) कंपनी रजिस्ट्रार को प्रस्तुत करने के लिए प्रास्पेक्टस, पता चले मूल्य का उल्लेख करते हुए अद्यतन किया हुआ।

(ड.) पुस्तिका के रूप में ज्ञापन सहित निवासी निवेशक श्रेणियों के लिए एएसबीए और गैर-एएसबीए बोली-सह-आवेदनपत्र।

(च) सिंडिकेट सदस्यों/ दलालों/ उप-दलालों के नाम और कोड सहित एएसबीए और गैर-एएसबीए बोली -सह- ं आवेदन प्रपत्रों का पुनः मुद्रण।

(छ) पुस्तिका के रूप में ज्ञापन सहित अनिवासी भारतीय श्रेणी के लिए एएसबीए और गैर-एएसबीए बोली -सह- आवेदन प्रपत्र।

(ज) सिंडिकेट सदस्यों/ दलालों/ उप-दलालों के नाम और कोड सहित एएसबीए और गैर-एएसबीए बोली -सह- आवेदन प्रपत्रों का पुनः मुद्रण।

(ज-1) पुस्तिका के रूप में ज्ञापन सहित कर्मचारी वर्ग के लिए एएसबीए और गैर- एएसबीए बोली -सह- आवेदन पत्र

(झ) पुस्तिका के रूप में ज्ञापन सहित अनिवासी भारतीय श्रेणी के लिए एएसबीए और गैर-एएसबीए बोली -सह- आवेदन प्रपत्र।

(ञ) सिंडिकेट सदस्यों/ दलालों/ उप-दलालों के नाम और कोड सहित एएसबीए और गैर-एएसबीए बोली -सह- आवेदन प्रपत्रों का पुनः मुद्रण।

(ट) ऑन-लाइन आवेदनपत्र के लिए विघ्नष फार्म।

(ठ) बैंक अनुसूची पैड।

(ड) क्यूआईबी और गैर-क्यूआईबी के लिए आबंटन पुष्टि नोट (यदि अपेक्षित हो, तो वापसी आदेश के साथ मिला जुला )।

(ढ) आश्यकतानुसार वापसी आदेश।

(ण) आश्यकतानुसार पोस्टर और बैनर

**(ख)** मुद्रित सामग्री और लेखनसामग्री का राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वितरण, जिसमें स्टॉक एक्सचेंज, इनवेस्टर एसोसिएशंस, सिंडिकेट सदस्य और उनके उप-सिंडिकेटों आदि को किया जाने वाला कानूनी प्रेषण भी शामिल है। सिंडिकेट सदस्यों द्वारा बताएं तरीके से लेखनसामग्री का वितरण किया जाएगा (अर्थात सड़क, रेल या वायु मार्ग आदि से)।

**3. बयाना राशि**

(क) प्रस्तुत बोली के साथ बयाना राशि के रूप में 5 लाख रुपए का डिमांड ड्राफ्ट लगाना चाहिए जो ारूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कारपोरेशन लिमिटेड के पक्ष में नई दिल्ली में देय हो।

(ख) यदि निर्धारित बयाना राशि पर्याप्त मात्रा में न हो या जमा नहीं किया जाता, तो बोली को अयोग्य समझा जाएगा और उसे तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

(ग) बयाना राशि जमा पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।

(घ) असफल बोलीदाता की बयाना राशि जमा बोलियों को अंतिम रूप दिए जाने और आदेश दिए जाने के बाद वापस कर दिया जाएगा। सफल बोलीदाता की बयाने की जमा उपर्युव्त कार्यक्षेत्र में उल्लिखित सभी क्रियाकलापों को सफलतापूर्वक पूरा करने पर वापस की जाएगी ।

**4. अदायगी की शर्तें**

(क) मुद्रण कार्य के मूल्य का **50** प्रतिशत मुद्रक द्वारा प्रोफार्मा बीजक प्रस्तुत करने पर अग्रिम रूप से अदा किया जाएगा। यह अग्रिम अदायगी ऐसे अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक द्वारा जारी की गई बैंक गारंटी पर दिया जाएगा, जिसकी शाखाएं दिल्ली/ नई दिल्ली में हों। यह बैंक गारंटी प्रिंटर द्वारा आरईसी लिमिटेड द्वारा दिए गए फॉर्मेट में प्रस्तुत की जाएगी।

(ख) मुद्रण कार्य से संबंधित शेष अदायगी उपर्युव्त कार्य क्षेत्र में उल्लिखित सभी क्रियाकलापों को पूरा करने पर जारी की जाएगी।

(ग) वितरण कार्य के लिए कोई अग्रिम अदायगी नहीं की जाएगी। वितरण कार्य की पूरी अदायगी उपर्युक्त कार्य के क्षेत्र में उल्लिखित सभी क्रियाकलापों को पूरा करने के बाद जारी की जाएगी।

**5. कीमत**

(क) बोलीदाता द्वारा मुद्रण कार्य के लिए उल्लिखित कीमत में तटकर, बिक्री कर, वैट, डब्ल्यूसीटी, सेवा कर, चुंगी और अन्य लागू कर, यदि कोई हो, शामिल होना चाहिए। बोलीदाता द्वारा उल्लिखित कीमत संविदा की संपूर्ण अवधि के दौरान मान्य रहेगी और किसी भी कारण उसमें कोई घट-बढ़ नहीं की जाएगी। विचलन शर्त के साथ प्रस्तुत बोली के संबंध में यह समझा जाएगा कि कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है और उसे रद्द कर दिया जाएगा।

(ख) बोलीदाता द्वारा वितरण कार्य के संबंध में उल्लिखित कीमत में भाड़ा, सेवा कर, चुंगी, इपधन प्रभार, कुली प्रभार, पैकिंग प्रभार, स्थानीय रूप से एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने के प्रभार और कोई अन्य लागू कर शामिल होना चाहिए। बोलीदाता द्वारा उल्लिखित कीमत संविदा की संपूर्ण अवधि के दौरान निश्चित रहेगी और किसी भी कारण उसमें कोई घट-बढ़ नहीं की जाएगी। विचलन शर्त के साथ प्रस्तुत बोली के संबंध में यह समझा जाएगा कि कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है, और उसे रद्द कर दिया जाएगा।

**6. निष्पादन गारंटी**

(क) बोली स्वीकार किए जाने पर बोलीदाता उचित और सही ढंग से संविदा पूरी करने के संबंध में कार्य-निष्पादन बैंक गारंटी प्रस्तुत करेगा। यह गारंटी मुद्रण और वितरण कार्य, दोनों के बोली मूल्य के **10 प्रतिशत के बराबर होगी। यह गारंटी निर्धारित फॉर्मेट में बोली स्वीकार किए जाने की सूचना प्राप्त होने के 10 दिन के अंदर प्रस्तुत की जाएगी। इस प्रकार** तैयार की गई कार्य-निष्पादन गारंटी की रकम अगले उच्च लाख रुपए में पूर्णांकित की जाएगी।

(ख) यह कार्य-निष्पादन गारंटी ऐसे निर्धारित फॉर्मेट में बैंक गारंटी के रूप में दी जा सकती है, जो फॉर्मेट आरईसी लिमिटेड द्वारा उपलब्ध किया जाएगा। यह बैंक गारंटी ऐसे अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक द्वारा जारी की जाएगी, जिसकी शाखा दिल्ली/ नई दिल्ली में हो या यह कार्य-निष्पादन गारंटी ारूरल इलेक्ट्रीफिकेशन

कॉरपोरेशन लिमिटेड् के पक्ष में नई दिल्ली में देय किसी अनुसूचित बैंक द्वारा जारी किए गए बैंक ड्राफ्ट के रूप में दी जा सकती है।

(ग) यदि मुद्रक निर्धारित अवधि में कार्य-निष्पादन गारंटी प्रस्तुत नहीं करेगा, तो इसे शर्त भंग के रूप में समझा जाएगा और आरईसी लिमिटेड को इस बात का अधिकार होगा कि वह बिना किसी पूर्वाग्रह के अग्रिम धन जमा को जब्त कर सकता है और इससे आरईसी के उन अन्य क्षतिपूर्ति अधिकारों पर भी कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा, जो इस संबंध में उसके पास हों।

**7. परिसमाप्त क्षतियां**

(क) कार्य की सुपुर्दगी अवधि आरईसी लिमिटेड द्वारा इस निर्गम के बीआरएलएम से परामर्श करके तय की जाएगी, जिसका मुद्रक द्वारा सख्ती से पालन किया जाएगा।

(ख) यदि सामग्री की सुपुर्दगी नहीं की जाती है, तो उसके मूल्य के दो प्रतिशत के बराबर परिसमाप्त क्षति या यदि आंशिक रूप से ऐसी सुपुर्दगी की जाती है, जो आरईसी लिमिटेड के किसी काम की न हो, तो उसके पूरे मूल्य की वसूली की जाएगी और यदि एक सप्ताह में या सप्ताह के किसी भाग में सुपुर्दगी की जाती है तो कुल आदेशित मूल्य का अधिकतम **10 प्रतिशत मुद्रक से वसूल किया जाएगा।**

**(ग) ऐसे मामलों में आरईसी लिमिटेड का यह अधिकार भी सुरक्षित रहेगा कि वह आदेश रद्द कर सकता है और कार्य-निष्पादन गारंटी और अग्रिम धन जमा को जब्त कर सकता है।**

**(घ) परिसमाप्त क्षति मुद्रक को देय किसी धनराशि में से वसूल की जा सकती है।**

**8. अन्य शर्तें**

**(क) प्रस्तुत की गई बोली, बोली खोलने की तारीख से 180 दिन तक स्वीकार किए जाने के लिए विधिमान्य होगी। बोली की विधिमान्यता की अवधि आरईसी के एकमात्र विवेक पर बोलीदाता की सहमति से 180** दिन तक और बढ़ाई जा सकती है।

(ख) आरईसी एक या एक से अधिक प्रमुख मुद्रकों का चयन कर सकता है, जिन्हें ऊपर बताए गए कार्य के क्षेत्र के अनुसार मुद्रण कार्य करना होगा। आवश्यकता के अनुसार, आरईसी को यह भी अधिकार होगा कि वह अतिरिव्त मुद्रकों को

नियुक्त करे और आरईसी के एकमात्र निर्णय के अनुसार उनमें कार्य का इस प्रकार वितरण करे, जो ऐसे मुद्रण कार्य और विधि कार्य के लिए अपेक्षित हो। यह वितरण प्रमुख मुद्रक द्वारा स्वीकार की गई दर पर किया जाएगा। ऐसे मामलों में, जहां प्रमुख मुद्रक को ले-आउट/डिजाइन/प्लेट उपलब्ध करने होंगे, जो मुद्रण कार्य को पूरा करने की सुविधा के लिए अतिरिक्त मुद्रकों को उपलब्ध करवाए जाएंगे।

(ग) बोली में उल्लिखित मात्रा (अनुबंध-क) केवल संकेतात्मक है और आरईसी को अधिकार होगा वह आदेश देते समय, अनुबंध में दिए गए कार्य की मात्रा में घट-बढ़ कर सके। लेकिन वह आदेशित मात्रा की यूनिट कीमत में कोई परिवर्तन नहीं करेगा।

(घ) गंतव्य स्थान (अनुबंध-ख में यथा उल्लिखित) और प्रत्येक गंतव्य पर भेजी जाने वाली मात्रा आदेश देते समय आरईसी लिमिटेड द्वारा तय की जाएगी या उसके पश्चात बीआरएलएम से परामर्श करके तय की जाएगी।

(ड.) कार्य सौंपे जाने की बोली का मूल्यांकन आरईसी लिमिटेड द्वारा किया जाएगा, जिसमें आरईसी लिमिटेड के संपूर्ण विवेक पर मुद्रण कार्य और/ या वितरण कार्य को अलग-अलग या सामूहिक रूप से कराने पर विचार किया जाएगा।

(च) आरईसी के अनुवर्ती निर्गम के लिए मुद्रक के रूप में कार्य करने के किसी भी प्रस्ताव के संबंध में आरईसी को यह अधिकार होगा कि वह उसे बिना कोई कारण बताए स्वीकार/ अस्वीकार कर सकता है और इस सीमित निविदा पूछताछ को नियुक्ति प्रस्ताव नहीं समझा जाएगा।

**9. बोली प्रस्तुत करना**

(क) आपसे अनुरोध है कि आप मुद्रण कार्य (अनुबंध-क में संलग्न फॉर्मेट में) और वितरण कार्य (अनुबंध-ख में संलग्न फॉर्मेट में) के संबंध में दोनों वित्तीय बोलियां प्रस्तुत करें और इन्हें दो अलग-अलग मुहरबंद लिफाफों में अग्रिम धन जमा के डिमांड ड्राफ्ट सहित प्रस्तुत करें।

(ख) वित्तीय बोली वाले लिफाफे के ऊपर ◌ामुद्रण **और/ वितरण कार्य के लिए वित्तीय बोलू** और अग्रिम धन जमा वाले लिफाफे के ऊपर ◌ामुद्रण **और/ वितरण कार्य के लिए बयाना राशि जमू** लिखा जाना चाहिए। ये दोनों लिफाफे एक अलग लिफाफे में रखे जाने चाहिए, जिसके ऊपर ◌ाआरईसी **के एफपीओ**

**के लिए मुद्रण और वितरण कार्य की बोलू** लिखा जाना चाहिए और इसे **मुख्य प्रबंधक (वित्त और लेखा) - एफपीओ, रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कारपोरेशन लिमिटेड (आरईसी), कोर 4, स्कोप कॉम्पलेक्स, 7 लोधी रोड, नई दिल्ली-110003** को संबोधित किया जाना चाहिए।

(ग) ये बोलियां **दिनांक 23.11.2009 को 2.00 बजे अपराह्न** तक प्राप्त की जाएंगी और उन्हें उसी दिन **3.00** बजे अपराह्न में कॉरपोरेट कार्यालय **रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कारपोरेशन लिमिटेड (आरईसी), कोर 4, स्कोप कांप्लम्क्स, 7 लोधी रोड, नई दिल्ली-110003** में खोला जाएगा। बोलीदाताओं को इस बात की छूट है कि वे बोली खोलते समय उपस्थित रहने के लिए अपने प्राधिकृत प्रतिनिधि भेज सकते हैं।

(घ) बोली वाले लिफाफे को डाक से/कूरियर से इस प्रकार भेजा जाना चाहिए ताकि वे निर्धारित तारीख और समय को या उससे पहले आरईसी में पहुंच जाएं। बोली को डाक से भेजना पूर्णतः बोलीदाता के जोखिम पर होगा और डाक में/लाने-ले जाने में हुए विलंब के लिए आरईसी जिम्मेदार नहीं होगा। विकल्प के रूप में बोलियां श्री संजय कुमार बंसल, मुख्य प्रबंधक (वित्त और लेखा), एफपीओ प्रकोष्ठ या श्री धर्म वीर, उप प्रबंधक, एफपीओ प्रकोष्ठ, कारपोरेट कार्यालय, आरईसी लिमिटेड, नई दिल्ली को दस्ती तौर पर सौंपी जा सकती हैं।

धन्यवाद

आपका

हस्ता./-.

(संजीव कुमार बंसल)

मुख्य प्रबंधक (वित्त और लेखा)

**अनुबंध-क**

**बोलीदाता द्‌वारा कोट की जाने वाली मुद्रण कार्य की दरें**

मुद्रक को चाहिए कि वह उस न्यूनतम मात्रा का उल्लेख करे, जिसके लिए दरें लागू होंगी

| क्रम सं. | विवरण | आकार | अनुमानित/ सांकेतिक मात्रा | दर प्रति यूनिट (रुपए में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | पुस्तिका के रूप में 300 पृष्ठों के रेड हरिंग प्रास्पेक्टस का मसौदा, जिसके अंदर के 296 पृष्ठों को 70 जीएसएम मैपलिथो कागज पर एक रंग में और ऊपर के चार आवरण पृष्ठों को 130 जीएसएम भारतीय आर्ट कागज (साइनरमस) पर दो रंगों में मुद्रित कर उसे ठीक से जिल्दबंद किया जाएगा। | 8.25'X10.5" | 1,000 | |
| 2. | पुस्तिका के रूप में 300 पृष्ठों के रेड हरिंग प्रास्पेक्टस, जिसके अंदर के 296 पृष्ठों को 70 जीएसएम मैपलिथो कागज पर एक रंग में और ऊपर के चार आवरण पृष्ठों को 130 जीएसएम भारतीय आर्ट कागज (साइनरमस) पर दो रंगों में मुद्रित कर उसे ठीक से जिल्दबंद किया जाएगा। | 8.25'X10.5" | 20,000 | |
| 3. | पुस्तिका के रूप में 300 पृष्ठ, जिसके अंदर के 296 पृष्ठों को 70 जीएसएम मैपलिथो कागज पर एक रंग में मुद्रित किया जाएगा और ऊपर के चार आवरण पृष्ठों को 130 जीएसएम भारतीय आर्ट कागज (साइनरमस) पर दो रंगों में मुद्रित किया जाएगा और उसे ठीक से जिल्दबंद किया जाएगा। | 8.25'x10.5" | 2,000 | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **4.** | **प्रेस/दलालों के सम्मेलन के लिए विशेष रेड हरिंग प्रास्पेक्टस कुल 300 अंदर के पृष्ठों को 100 जीएसएम मैपलिथो कागज पर एक रंग में मुद्रित किया जाएगा और ऊपर के चार आवरण पृष्ठों को 130 जीएसएम भारतीय आर्ट कागज (साइनरमस) पर दो रंगों में मुद्रित किया जाएगा और उसे ठीक से जिल्दबंद किया जाएगा।** | 8.25'x10.5" | 1,000 | |
| **5.** | **पुस्तिका के रूप में 330 पृष्ठों की अंतरराष्ट्रीय स्तर का लपेट (रैप) वाला रेड हरिंग प्रास्पेक्टस, जिसके अंदर के 326 पृष्ठ 70 जीएसएम मैपलिथो पेपर पर एक रंग में मुद्रित किए जाएंगे और ऊपर के चार पृष्ठ 130 जीएसएम भारतीय आर्ट कागज (साइनरमस) पर दो रंगों में मुद्रित किया जाएगा और उसे ठीक से जिल्दबंद किया जाएगा।** | 8.25'x10.5" | 1,500 | |
| **6.** | **पुस्तिका के रूप में 330 पृष्ठों की अंतरराष्ट्रीय स्तर के लपेट (रैप) वाला प्रास्पेक्टस विवरणियां, जिसके अंदर के 326 पृष्ठ 70 जीएसएम मैपलिथो पेपर पर एक रंग में मुद्रित किए जाएंगे और ऊपर के चार पृष्ठ 130 जीएसएम भारतीय आर्ट कागज (साइनरमस) पर दो रंगों में मुद्रित किया जाएगा और उसे ठीक से जिल्दबंद किया जाएगा।** | **8.25'X10.5"** | **400** | |
| **7.** | **यदि मद संख्या 1,2,3,4,5, और 6 के संबंध में पृष्ठों की संख्या में कोई बढ़त-घटत होती है, तो** | | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | **(चार पृष्ठों की दर से (उएवं-) आनुपातिक दरें)** | | | |
| **8.** | **पुस्तिका के रूप में ज्ञापन सहित एएसबीए और गैर-एएसबीए बोली-सह-आवेदनपत्र के 24 पृष्ठों को एक तरफ दो रंगों में और दूसरी तरफ एक रंग में 54 जीएसएम ग्राम सफेद क्रीमवोव कागज पर मुद्रित करना। इसे 6 जगह से मोड़ना और उस पर 6 स्थानों पर नंबर डालना ।** | **8.5'X11"** | **1,00,00,000** | |
| | **(या) पुस्तिका के रूप में ज्ञापन सहित एएसबीए और गैर-एएसबीए बोली-सह-आवेदनपत्र के 32 पृष्ठों को एक तरफ दो रंगों में और दूसरी तरफ एक रंग में 54 जीएसएम सफेद क्रीमवोव कागज पर मुद्रित करना और इसे 6 जगह से मोड़ना और उस पर छ स्थानों पर नंबर डालना।** | **8.5'X11"** | **1,00,00,000** | |
| **9.** | **अनिवासी भारतीयों के लिए पुस्तिका के रूप में ज्ञापन सहितएएसबीए और गैर-एएसबीए बोली -सह- आवेदन प्रपत्र, जिसके 24 पृष्ठों को एक तरफ दो रंगों में और दूसरी तरफ एक रंग में 54 जीएसएम सफेद क्रीमवोव कागज पर मुद्रित करना इसे मोड़ना और 6 जगह नंबर डालना।** | **8.5'X11"** | **1,00,000** | |
| | **(या) अनिवासी भारतीयों के लिए पुस्तिका के रूप में ज्ञापन सहित एएसबीए और गैर-एएसबीए बोली -सह -आवेदन प्रपत्र, जिसके 32 पृष्ठों को एक तरफ दो रंगों में और दूसरी तरफ एक रंग में 54 जीएसएम सफेद क्रीमवोव कागज पर मुद्रित करना। इसे मोड़ना और 6 जगह पर नंबर डालना।** | **8.5'X11"** | **1,00,000** | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 10 | **कर्मचारियों के लिए पुस्तिका के रूप में ज्ञापन सहित एएसबीए और गैर-एएसबीए बोली सह आवेदन प्रपत्र, जिसके 24 पृष्ठों को एक तरफ दो रंगों में और दूसरी तरफ एक रंग में 54 जीएसएम सफेद क्रीमवोव कागज पर मुद्रित करना और इसे मोड़ना और उस पर 6 जगह संख्या नंबर डालना।** | **8.5'X11"** | **1,00,000** | |
| 11. | **यदि मद संख्या 8 और 9 के संबंध में पृष्ठों की संख्या में कोई बढ़त-घटत होती है, तो (चार पृष्ठों की दर से (उ एवं -)आनुपातिक दरें)** | | | |
| 12. | **दलाल के नाम और कोड सहित बोली एवं आवेदन प्रपत्र को पुनः मुद्रित करना (दर प्रति 1000)** | | | |
| 13. | **ऑन-लाइन आवेदन पत्र के लिए विशेष प्रपत्र 90 जीएसएम मैपलिथो कागज पर मुद्रित करना ।** | | **50,000** | |
| 14. | **आबंटन की पुष्टि वाले पत्र को 70 जीएसएम सफेद मैपलिथो कागज पर सतत् लेखनसामग्री पर एक रंग में मुद्रित करना और उसके दोनों तरफ प्रोकेट पंचिंग करना ।** | **10'X12"** | **प्रति 1,000** | |
| 15. | **वापसी आदेश को 90 जीएसएम एमआईसीआर कागज पर सतत् लेखन सामग्री पर दोनों तरफ एक रंग में मुद्रित करना ।** | **15'X3"** | **प्रति 1,000** | |
| | **इसके अलावा, सीएएन सहित कंबाइंड संयुव्त वापसी आदेश के संबंध में प्रस्ताव देना ।** | **9'X12"** | **प्रति 1,000** | |
| **16.** | **पोस्टरों को 130 जीएसएम के विदेशी आर्ट कागज पर चार रंगों में मुद्रित करना/आर्ट वर्क या पॉजिटिव आरईसी देगा।** | **17'X22"** | **प्रति 1,000** | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **17.** | **बैनरः सफेद सूती कपड़े पर चार रंगों में बैनर मुद्रित करना। विनिवेश वाला आर्टवर्क दिया जाएगा ।** | **3'X6"** | **प्रति 1,000** | |
| **18.** | **एक रंग में सफेद/रंगीन कागज पर बैंक शिडयूल पैड/हर पैड में 25 सेट ।** | | **100** | |

**टिप्पणियां :**

1. कृपया नोट करें कि ऊपर बताई गई लेखनसामग्री की मात्रा केवल संकेतात्मक है और अंतिम मात्रा को बाजार की स्थिति और अन्य कारकों को ध्यान में रखते हुए, इश्यू के संबंध में बीआरएलएम के साथ चर्चा करने के बाद, समुचित अवस्था में अंतिम रूप दिया जाएगा।
2. उपर्युक्त प्रिंट आर्डर एकसमान आधार पर दरें आमंत्रित करने के लिए हैं और वास्तविक प्रिंट आर्डर कम ज्यादा हो सकता है।
3. उपर्युक्त प्रभारों में सभी कर शामिल किए जाने चाहिए।

**अनुबंध-ख**

## बोलीदाता द्वारा कोट की जाने वाली वितरण कार्य दरें

| 1) घरेलू गंतव्य<br>क. रेल, सड़क और कूरियर से | | दरें प्रति यूनिट (रुपए में) | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **क्रम सं.** | **नगर** | **>20 किलोग्राम** | **>20 किलोग्राम , >150 किलोग्राम से अधिक** | **>500 किलोग्राम** | **>500 किलोग्राम** |
| 1<br>2<br>3<br>4<br>5<br>6<br>7<br>8<br>9<br>10<br>11<br>12<br>13<br>14<br>15<br>16<br>17<br>18<br>19<br>20<br>21<br>22<br>23<br>24<br>25<br>26 | अहमदाबाद<br>बड़ौदा<br>भुवनेश्वर<br>बंगलौर<br>कोलकाता<br>चेन्नै<br>कोचीन<br>कोयंबटूर<br>दिल्ली<br>गुवाहाटी<br>हैदराबाद<br>इंदौर<br>जयपुर<br>कानपुर<br>लुधियाना<br>बंगलौर<br>मेरठ<br>मुंबई<br>पुणे<br>पटना<br>राजकोट<br>सूरत<br>सिक्किम | | | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | बैंक शाखाएं<br>सेबी निवेशक एसोसिएशन<br>गैर-स्टॉक एक्सचेंज केंद्र | | | | |
| हवाई जहाज से | | प्रति किलोग्राम दरें (रुपए में**)** | | | |
| किसी भी गंतव्य स्थान तक | | | | | |

| 2) विदेश में स्थित गंतव्य स्थान<br>क. हवाई जहाज से | | दरें प्रति किलोग्राम (रुपए में) | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बोस्टन | | | | |
| 2 | दुबई | | | | |
| 3 | एडिनबर्ग | | | | |
| 4 | हांगकांग | | | | |
| 5 | कुवैत | | | | |
| 6 | लंदन | | | | |
| 7 | लग्जेमबर्ग | | | | |
| 8 | मस्कट | | | | |
| 9 | न्यू यार्क | | | | |
| 10 | सिंगापुर | | | | |
| 11 | सान फ्रांसिस्को | | | | |
| 12 | टोक्यो | | | | |
| 13 | लॉस एंजलस | | | | |
| 14 | फ्रैंकफर्ट | | | | |
| 15 | एमस्टरडम | | | | |

**टिप्पणियां :**

1. उपर्यव्त दरों में भाड़ा, सेवा कर, चुंगी, इपधन कुली प्रभार, पैकिंग प्रभार, स्थानीय रूप से घर-घर सुपुर्दगी और लागू कोई अन्य कर भी शामिल हैं।

2. प्रत्येक गंतव्य तक प्रेषित की जाने वाली मात्रा बीआरएलएम से परामर्श करके समुचित समय पर अंतिम रूप दिया जाएगा।

3. उपर्युव्त गंतव्य केवल सांकेतिक हैं और सही गंतव्य के संबंध में बीआरएलएम से परामर्श करके अंतिम निर्णय लिया जाएगा।